**आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर**

दिनांक : 07.06.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार, निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डॉ. सुखबीर सिंह संधू ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना की एक प्रति सौंपी।
- केन्द्र में नई सरकार के गठन से पहले राजनीतिक गतिविधियां तेज़—एनडीए संसदीय दल की बैठक आज नई दिल्ली में होगी।
- इंडिया गठबंधन के नेताओं ने आगे की रणनीति तय करने के लिए दिल्ली में कई बैठकें कीं।
- मत्स्य पालन विभाग केन्द्रीय समुद्री मत्स्य अनुसंधान संस्थान कोच्चिन के सहयोग से समुद्री सजावटी मछली प्रजनन पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित करेगा।

और

- इग्नू द्वारा संचालित विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों के लिए जून दो हजार चौबीस की टर्म एंड परीक्षाएं आज से शुरू हो रही है।

<><><><><><><>

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार, निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डॉ. सुखबीर सिंह संधू ने कल शाम राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। उन्होंने निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना की एक प्रति राष्ट्रपति को सौंपी, जिसमें अटठारहवीं लोकसभा के लिए चुने गए सदस्यों के नाम शामिल हैं। राष्ट्रपति मुर्मू ने चुनावी प्रक्रिया की सफलता के लिए मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्तों को बधाई दी।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन—एनडीए की नई सरकार के गठन की गतिविधियां तेज हो गई हैं। एनडीए गठबंधन में शामिल दलों के संसदीय दल की बैठक आज नई दिल्ली में होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एनडीए गठबंधन का नेता चुना जा चुका है। सरकार के शपथ ग्रहण से पहले कल राजधानी में बैठकों का दौर जारी रहा। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह को नई कैबिनेट के गठन को लेकर सहयोगी

दलों से विचार विमर्श की जिम्मेदारी दी गई है। कल श्री नड्डा ने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और केंद्रीय मंत्रियों के साथ बैठक की। बैठक में केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, पीयूष गोयल, प्रहलाद जोशी, मनसुख मांडवीया और अश्विनी वैष्णव के साथ–साथ भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरूण चुग और विनोद तावडे सहित कई अन्य शामिल हुए। वहीं जनता दल यूनाइटेड के कई नेताओं ने पार्टी अध्यक्ष और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से नई दिल्ली में उनके आवास पर मुलाकात की।

<><><><><><><>

इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों ने आगे की रणनीति तय करने के लिए नई दिल्ली में बैठके की। यह बैठक कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के सरकारी आवास पर हुई। इस अवसर पर श्री खरगे ने कहा कि जनादेश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि यह श्री मोदी के लिए भारी राजनीतिक क्षति और नैतिक हार है। श्री खरगे ने कहा कि आई एन डी आई ए गठबंधन संविधान की प्रस्तावना में निहित मूल्यों के प्रति समर्पित सभी राजनीतिक दलों का स्वागत करता है। श्री खरगे ने कहा कि उनका गठबंधन विपक्ष में बैठेगा। उन्होंने कहा कि गठबंधन चाहेगा कि देश की जनता भाजपा सरकार से शासित न हो और इस इच्छा को साकार करने के लिए गठबंधन उचित समय पर उचित कदम उठायेगा।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान ज़िले के मायाबंदर पुलिस ने तीन घंटे के भीतर चोरी के एक मामले को सुलझाया है। कल सुबह मायाबंदर थाने में मायाबंदर बाजार के एक दुकान मालिक द्वारा दुकान पर रात में हुई चोरी की शिकायत दर्ज की गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी पी के अब्दुल आरिफ के नेतृत्व में एक विशेष दल का गठन किया। दल ने तलाशी अभियान चलाया और वेबी निवासी उन्नीस वर्षीय सॉ तिमोथेल को मुख्य आरोपी और उसके साथ एक नाबालिग को चोरी का दोषी पाया। गहन पूछताछ के बाद आरोपियों ने अपना गुनाह कबूला और बाद में चोरी की गई नकदी बरामद कर ली गई। यह पूरा अभियान मध्योत्तर अंडमान ज़िला पुलिस अधीक्षक गीतांजलि खंडेलवाल की निगरानी में चलाया गया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में वैट के आंकलन के लिए अधिकारियों को पद्नामित किया गया है। सहकारी समितियों के सहायक पंजीयक को वैट अधिकारी, सहकारी समितियों के निरीक्षक को सहायक वैट अधिकारी और उप–निरीक्षक को वैट निरीक्षक नियुक्त किया गया है।

<><><><><><><>

मत्स्य पालन विभाग केन्द्रीय समुद्री मत्स्य अनुसंधान संस्थान कोच्चिन के सहयोग से समुद्री सजावटी मछली प्रजनन पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित करेगा। प्रशिक्षण इस महीने के तीसरे सप्ताह में आयोजित होगा। द्वीपसमूह के पच्चीस चयनित उम्मीदवारों को यह प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस दौरान प्रतिभागियों को हैचरी प्रौद्योगिकी, प्रजनन, मछलियों के बीज उत्पादन और पालन पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। इच्छुक मछुआरों, स्वंय सहायता समूहों और बेरोज़गार युवाओं से निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन मांगे गए है। इच्छुक लोग नज़दीकी अंचल मत्स्य पालन कार्यालयों या मत्स्य उप स्टेशनों से सम्पर्क कर सकते है। भरे हुए आवेदन फार्म नज़दीकी मत्स्य कार्यालय में बारह जून तक जमा करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

कृषि निदेशालय, हैडो की ओर से शहरी कृषि और मूल्यवर्धन बागवानी फसलों के विस्तार के लिए माइक्रोग्रीन खेती पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। माइक्रोग्रीन खेती के बारे में जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से कृषि विभाग शहरी और ग्रामीण लोगों, बेरोजगार युवाओं, स्वयं सहायता समूह के सदस्यों, किसानों, कृषि उद्यमियों और अन्य इच्छुक व्यक्तियों के लिए माइक्रोग्रीन कृषि पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को जैम, जेली, अचार जैसे मूल्यवर्धित उत्पादों को बनाने पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। माइक्रोग्रीन खेती छोटी जगहों पर की जाने वाली कृषि है, जिसे घर की छतों, बालकनी, या घर के अंदर भी किया जा सकता है। यह आर्थिक सशक्तिकरण, उद्यमशीलता और सामुदायिक विकास के लिए अवसर भी उपलब्ध कराता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने के इच्छुक लोग अपने नाम, पता और फोन नम्बर के साथ पंजीकरण करवा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए कृषि निदेशालय के किसान कॉल सेन्टर के फोन नम्बर के अलावा टोल फ्री नम्बर पर संपर्क करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा संचालित विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों के लिए जून दो हजार चौबीस की टर्म एंड परीक्षाएं आज से शुरू हो रही है। ये परीक्षाएं पच्चीस जुलाई तक चलेंगी। द्वीपसमूह में परीक्षाएं पोर्ट ब्लेयर के जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय, हटबे के राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कार निकोबार के शिक्षा अधिकारी कार्यालय, ननकौड़ी, कमोर्टा के सहायक शिक्षा अधिकारी कार्यालय, कम्पबेल–बे के कोस्ट गार्ड पब्लिक विद्यालय, मायाबंदर के महात्मा गांधी राजकीय महाविद्यालय और डिगलीपुर के बी वी बी मॉडल पब्लिक स्कूल में दो सत्रों में आयोजित होंगी। परीक्षा में शामिल होने के लिए विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय द्वारा जारी पहचान पत्र, हॉल टिकट और सरकारी पहचान पत्र साथ रखने होंगे।

<><><><><><><>

डॉ. बी. आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में दो हजार चौबीस बैच की जी पी रेटिंग के लिए आयोजित सामान्य प्रवेश परीक्षा में शामिल उम्मीदवारों की वरीयता सूची उनकी लिखित और शारीरिक परीक्षा के आधार पर जारी की जाएगी। उम्मीदवारों की शारीरिक परीक्षा आज सुबह साढ़े आठ बजे डीब्रेट में आयोजित होगी।

<><><><><><><>

शिक्षा सत्र दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए द्वीपसमूह के स्नातक और स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के वास्ते कालीकट विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कोज़िकोड के फारूख कॉलेज में सीटें आरक्षित की गई है। इच्छुक विद्यार्थी संबंधित कॉलेज के प्रवेश पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं।

<><><><><><><>